# अस्पताल परिसर में गंदगी के ढेर लगे

## शीतल पेयजल का स्थान बना पीकदान, मरीजों के पलंग पर नहीं रहते हैं चादर, जगह-जगह कचरा पड़ा

नवभारत न्यूज

**खुरई 12 अगस्त. नगर पालिका विभाग के अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन नगर को स्वच्छ बनाने के लिए कमर तोड़ मेहनत कर रहे हैं तो वहीं शासकीय अस्पताल के भीतर से लेकर बाहर परिसर के चारों और गंदगी का अंबार लगा रहता है, अस्पताल में भर्ती मरीज जहां स्वस्थ होने के लिए आते हैं मगर गंदगी और कचरे की वजह से स्वच्छ और स्वस्थ नहीं हो पा रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार अस्पताल के वार्डों से निकलने वाला कचरा जगह-जगह बिखरा पड़ा रहता है, दूसरी तरफ अस्पताल के मुख्य गेट के आसपास जानवरों का



गोबर पड़ा रहता है, गोबर पड़ा रहने की वजह से मरीजों के परिजन रिपट रहे हैं जिस कारण वह चोटिल हो जाते हैं. जैसे ही कोई अस्पताल परिसर पहुंचता है वह जगह-जगह बिखरी पड़ी गंदगी को देखकर स्तब्ध रह जाता है. अस्पताल परिसर में फैली अव्यवस्थाए में सिर्फ गंदगी का मसला नहीं है देखा जाए तो मरीज के पलंग पर रहने वाला चादर भी नदारद रहता है, अक्सर मरीजों के पलंग पर चादर रहता ही नहीं है, जब कभी किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी का अस्पताल का दौरा होता है तब साफ, स्वच्छ चादर मरीजों के पलंग पर देखने को मिल जाते हैं आखिर प्रतिदिन चादर क्यों नहीं दिए जा रहे हैं किसको परेशानी है.

### दिन में जलती रहती हैं स्ट्रीट लाइटें

जानकारी के अनुसार आज जहां आम जनता को 7 दिन में 24 घंटों बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है तो दूसरी तरफ शासकीय अस्पताल के स्ट्रीट पोलो में लगी एल ईडी लाईटें दिन के उजाले में रोशनी बिखेरती रहती है, बात सिर्फ खंबों या पोलो की नहीं है बिल्डिंग में लगी लाईटें दिन के 10 बजे तक जलती रहती है. जिस कर्मचारी की ड्यूटी इन,आफ करने की है वह भी बेसुध बना रहता है, उसका क्या जाता है बिल का भुगतान तो रोगी कल्याण समिति की राशि से होता है, वह भी जनता का ही पैसा रहता है न कि अधिकारी/कर्मचारी की जेब से भुगतान होता है. अब यह शासकीय अस्पताल में लापरवाही नहीं तो क्या है ? पूर्व में रही लचर व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अधिकारियों को बदला गया था लेकिन रंगरूट के आने से भी जारी अव्यवस्थाओं में सुधार होता नजर नहीं आ रहा है. अब देखना है कि अस्पताल की अव्यवस्थाएं कब तक सुधर पाती हैं.

# सागर से इंदौर जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त

## दुर्घटनाग्रस्त बस का फिटनेस निरस्त एवं चालक का लायसेंस निलंबित

नवभारत न्यूज

**सागर 12 अगस्त. जिले के राहतगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर से इंदौर जा रही यात्री बस मसुरयाई तिराहा ग्राम बेरखेड़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई. जिसमें कुछ यात्री घायल हो गए. आरटीओ ने दुर्घटनाग्रस्त बस का फिटनेस निरस्त करते हुए चालक का लायसेंस निलंबित कर दिया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल रात में यात्री बस के ठीक पीछे पुलिस लाइन सागर में पदस्थ आरक्षक अंकित गुरु एवं देवेंद्र रैकवार जा रहे बिना देर किए अपनी जान की परवाह न करते हुए गाड़ी से डंडा निकालकर बस के कांच तोड़े और यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया. दोनों आरक्षकों ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम सागर के डायल 100 प्रभारी आर.के.एस. चौहान को हादसे की सूचना दी. वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए जिला अस्पताल और बीएमसी मेडिकल कॉलेज के स्टाफ को भी तैयार रहने के निर्देश दिए. तीन डायल 100 वाहन, 108 एंबुलेंस और अन्य पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा. संयुक्त प्रयास से सभी घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया. विशेष रूप से, बस में फंसे दो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को निकालना बेहद कठिन था. सामूहिक प्रयास से बस को हिलाकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला. इनमें एक महिला के पैरों में और एक व्यक्ति के हाथ में गंभीर चोटें आईं, परंतु सभी की जान बचाई जा सकी.

आरटीओ मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि यात्री वाहन क्रमांक आरजे 09पीए 5085 को राहतगढ़ बेरखेड़ी के पास में यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी. जिसका फिटनेस प्रमाण पत्र मोटरयान अधिनियम के अनुसरण में ऐसे समय तक के लिए रद्द किया गया, जब तक की वह मरम्मत न हो जाये और इस कार्यालय द्वारा यांत्रिकी दृष्टि से उपयुक्त न मान्य कर लिया जाये. पुनः फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने तक उक्त वाहन को प्रदत्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र एवं अनुज्ञापत्र निलंबित किया गया है. दुर्घटना पश्चात मौके पर जाकर वाहन की जांच की गई, जांच में यह पाया गया कि वाहन चालक द्वारा उक्त बस को लापरवाहीपूर्वक संचालित कर यात्रियों का जीवन खतरे में डाल दिया था.

## एक नजर में



### गौरझामर में तिरंगा यात्रा निकाली गई

**गौरझामर.** स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व विधायक प्रतिनिधि प्रियंका पटेरिया ने किया. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरझामर से तिरंगा यात्रा का आगाज हुआ. तिरंगा यात्रा नगर विद्यालय से आरंभ होकर बस स्टेंड, बुधवारा बाजार, महाकाली मंदिर, बजरिया, इतवारा बाजार से गांधी चौक पहुंची. जहां पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर प्रियंका पटेरिया और मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह लोधी ने आदि ने माल्यार्पण किया. यात्रा में प्रीतम सिंह लोधी, बबीता विश्वकर्मा, नीलमा, उमा खटीक, अनीता पटेल, गीता बिल्थरे, अनुराग दीक्षित शामिल हुए.



### सीएम राइज स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली

**राहतगढ़.** हर घर तिरंगा अभियान के तहत संदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने नगर के मुख्य मार्गो से तिरंगा रैली निकालकर देश भक्ति का संदेश दिया. साथ ही लोगो से घर, मोहल्ला में हर घर तक तिरंगे झंडे को लगाने एवं जनमानस को जागरूक करने शपथ दिलाई। इस मौके पर प्राचार्य सुरेश पटेल, रामकुमार कपूर, नवीन कुमार राय, पुष्पलता कुशवाहा, वैजयंती कुशवाहा, सुरेश अहिरवार, आदित्य श्रीवास्तव, महेश रोहित, रोशनी सोनी, चंद्रकांति राजपूत, मनीष सेन, अभिषेक सिंह, निर्भय पटेल, रमेश मिश्रा और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### निगम की जनसुनवाई में हुआ निराकरण

**सागर.** नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई आयोजित की जा रही है. जनसुनवाई में नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई जनसुनवाई में श्रीमती मीरा अहिरवार, राजा बाल्मिकी, शिवांश ठाकुर, शिवेंद्र पांडेय, रतनलाल यादव एवं राजेश कोरी ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए. जनसुनवाई में उपायुक्त एस एस बघेल,कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल उपस्थित थे.




### स्वदेशी जागरण मंत्र की शंखनाद रैली

**ललितपुर.** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत जिले में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता को लेकर स्वदेशी जागरण मंच ललितपुर एवं स्वावलंबी भारत अभियान ललितपुर के तत्वाधान में सामाजिक व्यापारिक संगठनों ने स्वदेशी के प्रति जागरूकता लाने के लिए शंखनाद रैली का आयोजन किया गया. स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डीएस विवेक एवं इंजी. हाकिम सिंह के नेतृत्व में रामेश्वर मालवीय, रुचिका सिंह बुंदेला, विनोद शर्मा के संयोजन में विद्यालय के बच्चों एवं विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया. अभियान के संयोजन में प्रमुख रूप से शुभम कौशिक, भरत रिछारिया, प्रबल सक्सेना, बृजेंद्र सिंह गौर एवं विकास झा का सराहनीय रहा. लायंस क्लब ललितपुर के सभी संगठनों ने अभियान में हिस्सा लिया.

# फसलों के पुन: सर्वे हेतु पत्र

नवभारत न्यूज

**सागर 12 अगस्त. मप्र के कुछ किसानों को दो रवि व एक खरीफ सीजन की फसलों के बीमा क्लेम के लिए 1125 करोड़ की राशि मिलने के लिए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर आभार ज्ञापित किया है.**

इस पत्र में पूर्व मंत्री श्री सिंह ने यह भी आग्रह किया है कि सागर जिले के किसानों को नियमानुसार बीमा राशि मिले इसके लिए जिले के किसानों की फसलों का पुन: सर्वे सरकार एवं बीमा कंपनी की संयुक्त टीम से कराने के आदेश दिए जाएं. श्री सिंह द्वारा पत्र में बताया है कि राजस्व की दृष्टि से जिला मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा जिला है, यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आश्रित है परंतु बीमा कंपनी के द्वारा जो राशि दी गई है उसमें जिले के किसानों को मात्र 5 करोड़ रुपए दिए गए हैं, क्योंकि बीमा कंपनी के द्वारा सागर जिले के कृषि उत्पादन का गलत आकलन किया गया है. किसानों को बीमा राशि मिले इसके लिए किसानों की फसलों का पुन: सर्वे सरकार और बीमा कंपनी की संयुक्त टीम के माध्यम से हो.

# शोभायात्रा चल समारोह के साथ निकाली

नवभारत न्यूज

**बीना 12 अगस्त. जाहरवीर गोगाजी देव महाराज का चल समारोह का आयोजन वाल्मीकि समाज द्वारा हुआ.**

**जानकारी के अनुसार** जाहरवीर गोगाजी देव महाराज के चल समारोह पुराना गल्ला मंडी प्रताप वार्ड से प्रारंभ हुआ. जो नगर भ्रमण करते हुए राजीव गांधी वार्ड में संपन्न हुआ. इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जाहरवीर गोगाजी देव महाराज की पूजा-अर्चना की. चल समारोह में शामिल भक्तों ने जाहरवीर गोगाजी देव महाराज की जयकारे लगाए नाचते और गाते



हुई और उनकी कृपा की कामना की. जाहरवीर गोगाजी देव महाराज का महत्व जाहरवीर गोगाजी देव महाराज को नागों के देवता के रूप में पूजा जाता है, उनकी पूजा से सर्पों के काटने से रक्षा होती है और बच्चों के जीवन की रक्षा होती है. जाहरवीर गोगाजी देव महाराज की पूजा में दीवार को साफ-सुथरी करके गेरू से पोत कर दूध में कोयला मिलाकर चौकोर चौक बनाया जाता है.चल समारोह में जाहरवीर गोगाजी देव महाराज की छड़ी निशान और भजन-कीर्तन शामिल होते हैं.

### किस्त का वितरण

**सागर.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2023-24, खरीफ 2024 तथा रबी 2024-25 के दावों की पहली किस्त के वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया. कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि से संतोष पटेल, धीरज सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत जैसीनगर के कृषि स्थायी समिति अध्यक्ष सौरभ शुक्ला, परियोजना संचालक आत्मा मुकेश प्रजापति, उप संचालक कृषि सागर राजेश त्रिपाठी, प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सागर डॉ. जे. एन. यादव आदि मौजूद थे.

# कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

नवभारत न्यूज

**सागर 12 अगस्त.वोटर वेरीफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार का पुतला दहन बस स्टैंड पर किया गया.**

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि विपक्षी सांसदों को को आवाज उठाने पर गिरफ्तार करना केंद्र सरकार की हिटलर शाही और तानाशाही प्रवत्ती को दर्शाता है. प्रदर्शन में मुन्ना चौबे, सुनील जैन पूर्व विधायक, अमित दुबे रामजी, मुकुल पुरोहित, प्रवक्ता



आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, नेता प्रतिपक्ष बाबू यादव,चक्रेश सिंघई, पप्पू गुप्ता, मुन्ना यादव, महेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष योगराज कोरी, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, समीर खान, पार्षद ताहिर खान, अशोक चकिया, रोशनी खान, नीलोफर अंसारी, अवधेश तोमर, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, महेश जाटव, राहुल चौबे, रमाकांत यादव,सागर साहू आदि मौजूद थे.



### रासेयो की रैली

**सागर.** शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता जैन द्वारा हर घर तिरंगा पर रैली निकाली गई.

जिसमें छात्राओं ने सहभागिता दी तथा महाविद्यालय के तृतीय चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी सम्मिलित हुए.

# समय सीमा में भुगतान करें

नवभारत न्यूज

**सागर 12 अगस्त. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने संभाग के समस्त कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, समस्त संभागीय अधिकारी एवं समरत आहरण एवं संवितरण अधिकारी संभाग सागर को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्देशित करते हुए कहा है कि विभाग के अधीन कार्यरत सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों के स्वत्यों के भुगतान समय-सीमा में करें.**

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों कर्मचारियों को प्रतिमाह समय पर वेतन भुगतान के साथ-साथ उनके लंबित वेतन भत्तों, वेतनवृद्धियां, वेतन निर्धारण, सेवा सत्यापन, सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ / डीपीएफ पासबुक की द्वितीय प्रति प्रदाय करना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों, अर्जित अवकाश नकदीकरण, समूह बीमा योजना, ग्रेच्युटी, जीपीएफ, डीपीएफ, एनपीएस का अंतिम मुगतान, पेंशन प्रकरण लंबितीकरण की जानकारी, लंबितीकरण के निराकरण हेतु समुचित कार्यवाही का प्रतिवेदन में पाक्षिक रूप से भिजवाएं.



# बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 12 अगस्त. एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विवेकानंद वार्ड में बच्चों के स्वास्थ्य की व्यापक जांच और हीमोग्लोबिन परीक्षण का आयोजन किया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद डॉ. याकृति जड़िया रहीं. शिविर में चिकित्सकों ने बच्चों के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच कर एनीमिया की रोकथाम और उपचार के संबंध में जानकारी दी.

मुख्य अतिथि पार्षद डॉ. याकृति जड़िया ने कहा कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए पौष्टिक आहार, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और एनीमिया की रोकथाम बेहद जरूरी है. बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की गईं. टीम में डॉ. राहुल पटेल, डॉ.आलोक गोस्वामी, डॉ.मोना गुप्ता शामिल रहे. इस दौरान नीलमणि यादव, दमयंति और आशा कार्यकर्ता हेमलता लड़िया ने भी सक्रिय योगदान दिया.

### तिरंगा यात्रा आज

**सागर.** तिरंगा यात्रा को लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा पदाधिकायों की बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सुरखी विधानसभा प्रभारी डॉ.वीरेंद्र पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ सुखदेव मिश्रा एवं युवा भाजपा नेता आकाश सिंह राजपूत ने स्वतंत्रता दिवस और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा आयोजित करने की जानकारी दी. सभी मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को तिरंगा यात्रा को लेकर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ निकालने की बात कही. बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को बिलहरा, सिहोरा और राहतगढ़ के दोनों मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा, जबकि 14 अगस्त को सुरखी,जैसीनगर मंडल में निकाली जाएगी.

# उपेक्षा का शिकार पुरातत्व संग्रहालय

नवभारत न्यूज

**सागर 12 अगस्त. नेहरू नगर, सिद्धन बाइपास मार्ग पर स्थित जनपद का एकमात्र पुरातत्व संग्रहालय, जो प्राचीन धरोहरों का अनमोल खजाना संजोए हुए है, उपेक्षा का शिकार हो रहा है. छठवीं से बारहवीं शताब्दी की लगभग 137 दुर्लभ मूर्तियाँ यहां धूल और मकड़ी के जालों में लिपटी पड़ी हैं.**

कुचदों, धौरीसागर और अन्य ऐतिहासिक स्थलों से प्राप्त भगवान विष्णु, नंदीश्वर, बुध एवं सप्तमातृका की मूर्तियाँ, वास्तुकट खंड और अन्य प्राचीन अवशेष यहां सुरक्षित रखे गए हैं, किंतु सफाई, रंगाई और रख-रखाव के अभाव में इनका स्वरूप बिगड़ रहा है. संग्रहालय परिसर में टूटी वॉशबेसिन, गंदगी और दरारयुक्त



दीवारें व्यवस्थागत लापरवाही को उजागर करती हैं. क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी का कहना है कि संग्रहालय को जल्द ही सुधारकर पूर्ण संग्रहालय के रूप में विकसित करने की योजना पर काम हो रहा है, ताकि शोधार्थी, कला-प्रेमी और पर्यटक यहां आकर इतिहास से जुड़ सकें. संरक्षण और प्रचार-प्रसार की कमी से यह ऐतिहासिक धरोहर अपनी चमक खो रही है, जिसे बचाने के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है.

### नहीं बढ़ाया गया वेतन

**ललितपुर.** उप्र के विभिन्न राजकीय विभागों में आउटसोर्स व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न सेवा प्रदाता फर्मो द्वारा कई पदों पर पिछले कई वर्षों से लगभग 9 लाख आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसमें चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा तथा विद्युत जैसे महत्वपूर्ण विभागों में सेवाएं दे रहे हैं. राजकीय विभागों में कार्यरत लाखों आउटसोर्स कर्मचारियों को बेहद कम वेतन पिछले कई वर्षों से मिल रहा है तथा किसी भी प्रकार का वेतन बढ़ोतरी का लाभ नहीं मिलता है. इस संबंध में संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग/संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सच्चिता नंद मिश्रा ने विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है.

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**रहली 12 अगस्त. 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तय करने जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की. जिसमें बैठक में विभागों की सामूहिक आयोजन की जिम्मेदारियां सौंपी गईं.**

बैठक में निर्णय हुआ कि 14 से 15 अगस्त की रात तक सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी. शासकीय कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थाओं में सुबह 7.30 से 8.30 के बीच ध्वजारोहण होगा. 9 बजे से कृषक स्टेडियम में सामूहिक समारोह होगा. मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि रश्मि कपस्या द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा व मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा. समारोह में मीसाबंदी व शहीद आबिद खान के माता-पिता का सम्मान किया जाएगा. नपा मुख्य सड़कों तथा सार्वजनिक ध्वज स्थलों की सफाई करवाएगी एवं चूना लाईन डलवायेगी, सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में पूर्व की भांति स्तिरीय मिष्ठान का वितरण किया जायेगा. बैठक में सुरेश कपस्या, प्रकाश मिश्रा, अनिल तिवारी आदि मौजूद थे.

### महाविद्यालय में प्रकृति संरक्षण पर कार्यशाला

**रहली.** शासकीय महाविद्यालय में योगाभ्यास वृक्षारोपण और कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ. योगाभ्यास सत्र और वृक्षारोपण का आयोजन किया गया.



कार्यशाला में आयोजक संस्था अर्चना योगायतन संस्थान नई दिल्ली के निदेशक डॉ सत्यनारायण यादव और महाविद्यालय के हिंदी की सहायक प्राध्यापक श्रीमती सुषमा चौरसिया एवं प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव का सम्मान हुआ. डॉ सत्यनारायण यादव ने कहा कि मानव जीवन को आनंदपूर्वक जीने के लिए योग और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़ाव बहुत आवश्यक है. जैसे-जैसे हम रसायनों के उपयोग की ओर बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे हमारा जीवन छोटा और समस्याएं बड़ी होती जा रही हैं. हमें अपनी वर्तमान दैनिक जीवन को बदलना होगा, तभी सुखमय जीवन जी सकेंगे. प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने छात्रों को प्राकृतिक जीवन को अपनाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर प्रयास करने की आवश्यकता बताई.


**सुदर्शन डिग्री कॉलेज, बांसी, ललितपुर**

**आवश्यकता है प्रवक्ताओं की**

1. बी.एस.सी. कृषि : 10 पद,
2. बी.ए. : हिंदी साहित्य, समाजशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र,
3. बी.कॉम. : 02 पद
4. बी.एड. : 10 पद
5. एम.ए. समाजशास्त्र : 01 पद, हिंदी : 01 पद
6. डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) : 08 पद (विभागाध्यक्ष सहित)
7. कम्प्यूटर ऑपरेटर : 01 पद

नोट : यू.जी.सी./ए.एस.आर.बी. /परीक्षा नियामक प्राधिकारी के मानकानुसार अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित होने के 07 दिनों के अंदर समस्त मूल दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति कार्यालय में जमा करें।

प्रबंधक 7007822107 | प्राचार्य 9415057909